मि.सं.ई.12019/1/2017-रा.भा.

भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

(राजभाषा प्रभाग)

शास्त्री भवन, नई दिल्ली,

दिनांक: 21 अगस्त, 2017

कार्यालय ज्ञापन

विषय: सितम्बर, 2017 में हिन्दी दिवस/हिन्दी सप्ताह/हिन्दी पखवाड़ा मनाने के संबंध में ।

संघ सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के अनुसरण में सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग के प्रति रूचि बनाए रखने के लिए पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी कारपोरेट कार्य मंत्रालय के सभी संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों आदि में **सितम्बर माह** में **हिन्दी दिवस/हिन्दी सप्ताह/हिन्दी पखवाड़े का** आयोजन सुविधानुसार करने तथा इस दौरान अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शी रूपरेखा के अनुसार प्रतियोगिताएं आयोजित करने हेतु सूचित करने का निदेश हुआ है।

यह भी अवगत कराया जाता है कि माननीय कारपोरेट कार्य मंत्री श्री अरूण जेटली द्वारा जारी अपील को इस कार्यालय ज्ञापन के साथ संलग्न किया गया है कृपया जिसे कार्यालय में परिचालित करें।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

संलग्न : यथोपरि

(डॉ. आर. रमेश आर्य)

संयुक्त निदेशक (राजभाषा)

वितरण:

1. सभी क्षेत्रीय निदेशक कार्यालय(RD)/कंपनी रजिस्ट्रार (ROC)/कंपनी रजिस्ट्रार-सह-शासकीय समापक (ROC-cum-OL)/शासकीय समापक (OL) के प्रभारी अधिकारी
2. रजिस्ट्रार, भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान(IICA)/निदेशक, गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय (SFIO)/सचिव, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI)/राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण (NCLT)/राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (NCLAT)
3. वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
4. निदेश मिसिल

अरूण जेटली
ARUN JAITLEY

वित्त एवं कारपोरेट कार्य मंत्री
भारत
नई दिल्ली–110001
FINANCE AND CORPORATE AFFAIRS MINISTER
INDIA
New Delhi-110001

सत्यमेव जयते

अपील

हिन्दी दिवस के इस शुभ अवसर पर आप सबको मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

हम सभी भारतीय इस बात को जानते हैं कि भाषायी विविधता एवं बहुआयामी संस्कृति के बावजूद और अनेकता में एकता के लिए देश की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए संविधान सभा के हमारे महान नेताओं ने **14 सितम्बर, 1949** को देवनागरी लिपि में लिखि जाने वाली हिन्दी को राजभाषा के रूप में अंगीकर किया था। इसलिए हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए संघ सरकार के कार्यालयों में इस दिन को **''हिन्दी दिवस''** के रूप में मनाया जाता है।

यह बहुत ही आवश्यक है कि हम अपना कामकाज राजभाषा हिन्दी में करें। हिन्दी भाषा में कार्य को सहज बनाने के लिए सरल शब्दों का प्रयोग करें। मेरा अधिकारियों से विशेष रूप से अनुरोध है कि वे अपना ज्यादातर काम हिन्दी में करके कर्मचारियों के लिए आदर्श बनें जिससे हमारी राजभाषा जनता की भाषा बन सके। हिन्दी का प्रयोग करना हमारा संवैधानिक दायित्व भी हैं।

कारपोरेट कार्य मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालयों से विभिन्न प्रकार की पत्रिकाएं हिन्दी में प्रकाशित हो रही हैं। इससे राजभाषा हिन्दी की स्थिति सुदृढ़ होगी और हिन्दी को बढ़ावा भी मिलता रहेगा। इन सब के लिए मंत्रालय और अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। मैं आशा करता हूं कि भविष्य में भी आप सभी राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार में सराहनीय योगदान देते रहेंगे।

यह भी अत्यंत ही प्रसन्नता की बात है कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कारपोरेट कार्य मंत्रालय तथा इसके सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में सितम्बर माह में **''हिन्दी दिवस तथा हिन्दी पखवाड़े''** का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों के दौरान अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की जा रही हैं। मेरी आप सबसे **'अपील'** है कि इन सभी कार्यक्रमों के दौरान अधिकाधिक संख्या में उत्साहपूर्वक प्रतिभागी बनकर राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को सफल बनाएं।

नई दिल्ली

14 सितम्बर, 2017

(अरूण जेटली)